हाईटेंशन टॉवर विरोध में किसान की दर्दनाक मौत

50 लाख मुआवजा, नौकरी और एफआईआर की मांग को लेकर परिजनों का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 2 जुलाई। शासन पुलिस चौकी क्षेत्र के परसदेही में पट्टे की भूमि में जबरिया पावर ग्रिड कंपनी के द्वारा हाईटेंशन टॉवर लगाने का कार्य कराया जा रहा था, जहां एक कृषक ने विरोध करते हुये प्रेशर पाइप को जैसे ही हटाया, वह फुटबॉल की तरह आसमान में उड़ते हुये जमीन पर गिर पड़ा, जहां घायल अवस्था में ट्रामा सेंटर बैढ़न लाया गया। जहां गुरूवार की अल सुबह प्रौढ़ व्यक्ति की मौत हो गई। तब से घटनास्थल पर हंगामा चल ही रहा है।

जानकारी के अनुसार परसदेही में पावर ग्रिड कंपनी के द्वारा हाईटेंशन टॉवर का कार्य कराया जा रहा था, जहां गांव के ही कास्तकार जगदीश साहू पुत्र रामगरीब साहू उम्र 46 वर्ष ने बुधवार की शाम टॉवर लगाने के कार्य का विरोध किया कि जब तक मुआवजा नही मिलेगा, तब तक कार्य नही करने दिया जाएगा। प्रौढ़ व्यक्ति ने कार्यस्थल पर लगे प्रेशर पाइप को जैसे ही खोला पाइप के साथ वह आसमान में उड़ा और कार्यस्थल के गड्ढे में गिर गया। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सको ने रिफर कर दिया। निजी अस्पताल सिंगरौली में इलाज के दौरान गुरूवार की अल सुबह मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को घटनास्थल पर ले जाकर मृतक के आश्रितो को 50 लाख रूपये मुआवजा, आश्रित को नौकरी एवं बच्चो के पढ़ाई-लिखाई का जिम्मा कंपनी को उठाने की मांग की। साथ ही कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुये एफआईआर दर्ज कराने की मांग पर अड़ गये। समाचार लिखे जाने तक बवाल जारी था।

तहसीलदार से हुई जमकर नोकझोक

घटनास्थल पर शव रखकर परिजन अपनी मांगों पर अड़े थे, इसी दौरान नेता भास्कर मिश्रा पहुंचे और उन्होंने पटवारी पर भी लापरवाही का आरोप लगाया और पटवारी पर भी कार्रवाई किये जाने की मांग करने लगे। साथ ही भास्कर मिश्रा ने मृतक के आश्रितो को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने की मांग कर रहे थे। यही से बात बिगड़ी और तहसीलदार प्रीति सिकरवार के बीच कहासूनी होने लगी। साथ ही टीआई अशोक सिंह परिहार से भी तीखी नोकझोक हुई। मामला काफी गरमाया हुआ था, मृतक के परिजन भी अपनी मांगों पर अड़े रहे।

विधायक भी पहुंचे घटनास्थल पर

जानकारी के अनुसार मृतक के परिजनो ने शव लेने से इंकार कर दिये। घटनास्थल पर शव को रखकर परिजन घर चले आए और स्थल पर तहसीलदार, टीआई के साथ-साथ शासन चौकी प्रभारी संदीप नामदेव समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। हालात यह रही कि लोग पुलिस एवं प्रशासन पर हिटलरशाही की तरह कार्य करने वाली पावर ग्रिड कंपनी को संरक्षण देने का आरोप लगाया। इसकी जानकारी मिलने पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह पहुंचे और मृतक के परिजनों एवं आमजनों के बीच बैठ मामले को सुलझाने के लिए लगे रहे। इसके पूर्व कांग्रेस नेत्री रेनूशाह भी पहुंची हुई थी। उनकी भी तहसीलदार से काफी नोकझोक हुई।

वर्चस्व की जंग जारी, 17 माह के शावक की मौत

संघर्ष के बावजूद बाघिन नहीं बचा सकी अपने शावक को

नवभारत न्यूज

पन्ना, 02 जुलाई. पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों के बीच क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई ने एक बार फिर वन्यजीवन की कठोर सच्चाई सामने ला दी।

मंगलवार को मड़ला वन परिक्षेत्र के कंचन नाला क्षेत्र में बाघ पी-661 ने बाघिन पी-151 के लगभग 17 माह की मादा शावक पर हमला कर उसे मार डाला। जानकारी के अनुसार, बाघ पी-661 मंगलवार सुबह से ही कंचन नाला क्षेत्र में सक्रिय था और बाघिन पी-151 तथा उसके शावकों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए था। खतरे को भांपते हुए बाघिन ने अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए कई बार बाघ का सामना किया और उसे कुछ समय के लिए पीछे हटने पर मजबूर भी कर दिया।

हालांकि शाम के समय जैसे ही बाघिन कुछ आगे बढ़ी और उसकी मादा शावक पीछे रह गई, तभी घात लगाए बैठे बाघ पी-661 ने अचानक हमला कर दिया। हमला इतना तेज था कि शावक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नर बाघ अक्सर अपना प्रभुत्व स्थापित करने और क्षेत्र पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया : वीरेन्द्र

घटना की पुष्टि करते हुए पन्ना टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि शावक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। इसके बाद राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार अंतिम प्रक्रिया पूरी की गई। घटना की सूचना मिलते ही पार्क प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया।

टाइगर रिजर्व की बाघिन पी-652 ने दो शावकों को दिया जन्म

नए मेहमान के आने से रौनक बढ़ी

नवभारत न्यूज

पन्ना, 02 जुलाई. पन्ना टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए खुशखबरी सामने आई है। धुंधुआ सेहा क्षेत्र में बाघिन पी-652 ने दो शावकों को जन्म दिया है।

पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि दोनों शावकों की उम्र लगभग 10 दिन है और मां व शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। वन विभाग की विशेष टीम हाथियों और आधुनिक तकनीकों की मदद से 24 घंटे उनकी निगरानी कर रही है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

धुंधुआ सेहा क्षेत्र का वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में विशेष महत्व है। वर्ष 2010 में बाघ पुर्नस्थापन कार्यक्रम के दौरान इसी क्षेत्र में बाघिन पी-1 ने अपने पहले चार शावकों को जन्म दिया था, जिसने पन्ना में बाघों की संख्या बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई थी। पूरे क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखकर लगातार निगरानी की जा रही है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन को उम्मीद है कि दोनों शावकों के सुरक्षित विकास से पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या और मजबूत होगी।

किराना स्टोर कुबरी में लगी भीषण आग, सामग्री जलकर राख

- देर रात लगी आग, विवेचना में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

सीधी, 2 जुलाई. जिले के सेमरिया थानांतर्गत पुलिस चौकी बम्हनी क्षेत्र के कुबरीङ्कसेमरिया मार्ग स्थित मंजू किराना स्टोर में बीती रात भीषण आग लगने से लाखों रुपये मूल्य की किराना सामग्री जलकर राख हो गई।

दुकान संचालक भगवानदीन गुप्ता पिता केदार प्रसाद गुप्ता 44 वर्ष ने बताया कि आग की इस घटना में दुकान में रखा पूरा किराना सामान, फ्रीजर, कोल्डड्रिंक सहित अन्य सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में लगभग 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार देर रात किसी समय दुकान में आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस अन्य संभावित कारणों की भी जांच कर रही है। आग इतनी भीषण थी कि दुकान का सभी सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। बताया गया कि सुबह लगभग 4:30 बजे टहलने निकले राहगीरों ने दुकान से धुआं और आग की लपटें निकलती देखीं। इसके बाद उन्होंने तत्काल दुकान संचालक को फोन पर सूचना दी तथा डायल-112 पुलिस को भी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बाद में दुकानदार ने बम्हनी पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के व्यापारियों एवं ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर पहुंच गई। जली हुई दुकान का मंजर देखकर लोग स्तब्ध रह गए। मौके पर सेमरिया व्यापारी संघ के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, युवा व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामजी गुप्ता, महासचिव विनोद गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, समाजसेवी लालजी सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सभी ने प्रशासन से पीड़ित व्यापारी को उचित आर्थिक सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

सतना 02 जुलाई. गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एण्ड पीएनडीटी) के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 3 जुलाई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में सायं 4.30 बजे से आयोजित की गई है। बैठक के लिए सदस्यों को पूर्व में सूचना दी जा चुकी है.

दस किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सीधी, 2 जुलाई. अवैध नशे के विरुद्ध पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत बहरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस के अनुसार 01 जुलाई को थाना बहरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लौआ अर्जुननगर निवासी रमेश साकेत अपने घर में बिक्री हेतु अवैध गांजा छिपाकर रखा है। थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर मौके पर दबिश दी। घर की तलाशी में तखत के नीचे प्लास्टिक की बोरी से टेप से बंधे 10 पैकेट मिले, जिनमें कुल 10 किलोग्राम 168 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये है। मौके से आरोपी रमेश साकेत पिता रामजियावन साकेत, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम लौआ अर्जुननगर, थाना बहरी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट* के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पूंछताछ में आरोपी ने बरामद गांजा श्यामलाल साहू निवासी ग्राम सुकुवारी, थाना जमोड़ी से बिक्री हेतु प्राप्त करना बताया। सह-आरोपी श्यामलाल साहू के विरुद्ध भी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, सउनि अविनेश चौधरी, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, राजकमल भुर्तिया, मआर पिंकी दुबे की सराहनीय भूमिका रही।

मोरवा विस्थापितों को मिलेंगे व्यवस्थित कॉलोनी में मकान

कोल मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी की उपस्थिति में उच्च स्तरीय बैठक

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 2 जुलाई। कोल मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी की अध्यक्षता में मोरवा विस्थापन के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए जिला प्रशासन एवं एनसीएल प्रबंधन के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक की शुरुआत में एनसीएल प्रबंधन द्वारा मोरवा विस्थापन को सुगम, पारदर्शी और त्वरित गति से पूर्ण करने के उद्देश्य से तैयार की गई पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान विस्थापन की पूरी प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के समय पर पूरा करने की कार्ययोजना पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल ने विस्थापितों के हित में एक बेहद महत्वपूर्ण और व्यावहारिक सुझाव देते हुए कहा कि मोरवा विस्थापितों को केवल आरएनआर नीति के तहत निर्धारित मौद्रिक मुआवजा देने के बजाय, एक व्यवस्थित कॉलोनी का निर्माण कर उन्हें पक्के मकान उपलब्ध कराये जाने का भी विकल्प रखा जायें। इस संबंध में उन्होंने बताया कि एनसीएल प्रबंधन तथा हाउसिंग के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से एक सुव्यवस्थित कॉलोनी का निर्माण कर विस्थापितों को उपलब्ध कराया जाएगा। इन आधुनिक कॉलोनियों में बुनियादी ढांचे का विशेष ख्याल रखते हुए सड़क मार्ग, निर्बाध बिजली व्यवस्था, सुचारू वाटर सप्लाई, ओवरहेड टैंक तथा आधुनिक सीवरेज लाइन जैसी सभी आवश्यक नागरिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। कलेक्टर ने कहा कि इस दूरदर्शी पहल से न केवल एक सुव्यवस्थित कॉलोनी का विकास किया जा सकेगा, बल्कि भविष्य में क्षेत्र में पनपने वाली अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण पर भी पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सकेगा।

तत्काल संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश

कलेक्टर के इस सुझाव पर सहमति व्यक्त करते हुए कोल मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी ने जिला प्रशासन, एनसीएल प्रबंधन तथा हाउसिंग बोर्ड को तत्काल एक संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस बैठक के माध्यम से कलेक्टर के सुझावों के आधार पर एक विस्तृत और ठोस प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसके साथ ही एडिशनल सेक्रेटरी ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को गति देने के लिए चेयरपर्सन, हाउसिंग बोर्ड भोपाल से भी इस विषय पर अविलंब चर्चा करने और उन्हें योजना में शामिल करने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि मोरवा विस्थापन की प्रक्रिया को आदर्श और सुगम बनाया जा सके। बैठक में व्हीसी के दौरान खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल, एनसीएल के वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअली मौजूद रहे।

शहर के मदरसा से गुम बालक प्रयागराज में मिला

नवभारत न्यूज

सतना 2 जुलाई. शहर में संचालित मदरसे से एक बालक अचानक गुम हो गया था. जिसकी तलाश कर रही पुलिस टीम ने उसे प्रयागराज उप्र से दस्तयाब कर लिया. जिसके बाद बालक को परिजनों को सौंप दिया गया.

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार दरभंगा बिहार के निवासी अनवारुल उलूम शहर के वार्ड क्र. 37 में संचालित मदरसे की देखरेख करते हैं. अनवारुल द्वारा 28 जून को इस बात की शिकायत की गई कि उनके मदरसे में अध्ययनरत एक बालक जिसकी उम्र 9 वर्ष है वह अचानक गुम हो गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बालक की तलाश शुरु की. साइबर सेल सहित मुखबिरों के जरिए पुलिस को इस बात की सूचना मिली कि बालक प्रयागरात उप्र में मौजूद है. जिसे देखते हुए सउनि नरेंद्र सिंह गहरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम प्रयागराज पहुंच गई. जहां के खुल्दाबाद थाने से उक्त बालक को दस्तयाब करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया.

4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

सतना 02 जुलाई अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (शहरी) द्वारा तहसील रघुराजनगर अंतर्गत मरछाई खुर्द तहसील फ्तहगढ साहिब पंजाब निवासी चरणजीत कौर के पति की नहर के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

पश्चिम मध्य रेल

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नागौद जिला-सतना (म.प्र.)

क्र.: 706/ अनु.अधि./2026 नागौद, दि.: 19/06/2026

सूचना

विषय: ललितपुर-सिंगरौली नई बड़ी रेल लाइन अन्तर्गत प्रभावित ग्राम नामतारा की शासकीय आराजी नंबर 242 रकबा 0.094 हे. एवं आराजी नंबर 243 रकबा 0.084 हे. व आराजी नंबर 240 के जुज रकबा 0.146 हे. में पश्चिम मध्य रेलवे भारत सरकार का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट महोदय सतना के न्यायालय से प्राप्त प्रकरण क्रमांक 0015/अ-20(5)/2024-25 के अनुसार ग्राम नामतारा की शासकीय आराजी नंबर 242 रकबा 0.094 हे. एवं आराजी नंबर 243 रकबा 0.084 हे. व आराजी नंबर 240 के जुज रकबा 0.146 हे. में पश्चिम मध्य रेलवे भारत सरकार राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
नागौद जिला सतना (म.प्र.)

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

ढोटी विद्यालय परिसर में भरा बारिश का पानी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 2 जुलाई। जिला मुख्यालय बैढ़न में बीती रात दो घंटे से अधिक समय तक हुई झमाझम बारिश ने शहर के निचली बस्तियों के साथ-साथ मुख्य मार्ग में लबालब पानी भर गया। वहीं अम्बेडकर नगर ढोटी के शासकीय विद्यालय परिसर भी जलमग्न हो गया। आज गुरूवार को भी विद्यालय जलमग्न होने पर विद्यालय के बच्चों की छुट्टी दे दी गई।

इस संबंध में छात्रों के अभिभावको का कहना है कि पानी का निकासी न होने के कारण कई घरों एवं दुकानों में बारिश का पानी घुस गया और इस पानी से अयाज खान का टाल भी अछूता नही रहा। बैढ़न शहर की नालियां उफान पर आ गई। फिलहाल विद्यालय परिसर में पहली बारिश का पानी जमा होने पर एवं जल निकासी न होने पर नौनिहाल छात्र-छात्राओं के अभिभावको ने कलेक्टर एवं निगमायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है।

अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान

(विश्वविद्यालय समतुल्य)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संगठन, भारत सरकार

गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई – 400088

संपर्क विवरण: टेलीफ़ोन: 91–22– 42372468

ईमेल : admission@iipsindia.ac.in वेबसाइट : www.iipsindia.ac.in

प्रवेश घोषणा – शैक्षणिक वर्ष 2026–2027

सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि PG, Ph.D. तथा PDF पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि 15–07–2026 (प्रातः 11:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। अधिक जानकारी हेतु कृपया www.iipsindia.ac.in पर जाएँ।

निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर

जिले में दर्ज हुई गिद्धों की सबसे बड़ी आबादी, गिनती के लिए दिया गया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

सतना, 2 जुलाई. प्रदेश में पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से एक बेहद सुखद खबर सामने आई है . कभी विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुके प्रकृति के सबसे बड़े सफाईकर्मी यानी गिद्धों की आबादी में जिले ने नया रिकॉर्ड कायम किया है. हाल ही में संपन्न हुई ग्रीष्मकालीन गणना के अनुसार, सतना अब पूरे मध्य प्रदेश में सबसे अधिक गिद्धों की मौजूदगी वाला जिला बन गया है.

वन विभाग के मुताबिक बेहतर मॉनिटरिंग, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और सटीक ग्राउंड रिपोर्टिंग के चलते यह ऐतिहासिक कामयाबी हासिल हुई है, जिसके कारण विंध्य की पहाड़ियों और जंगलों में अब संकटग्रस्त पक्षियों का कुनबा तेजी से फल-फूल रहा है. जिले में गिद्धों की संख्या ने वन्यजीव विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है . मई के महीने में हुई समर काउंटिंग के दौरान तीन दिनों का औसत एक हजार एक सौ अठहत्तर गिद्ध प्रतिदिन दर्ज किया गया. इसमें सबसे खास बात यह रही कि 24 मई को अकेले एक ही दिन में एक हजार पांच सौ अड़सठ गिद्ध एक साथ देखे गए, जो कि अब तक का सबसे बड़ा और रिकॉर्ड आंकड़ा माना जा रहा है. इससे पहले इसी साल फरवरी में हुई विंटर काउंटिंग के दौरान तीन दिनों का औसत सात सौ सत्तावन गिद्ध प्रतिदिन दर्ज किया गया था. फरवरी के मुकाबले मई में आए आंकड़े यह साफ दर्शाते हैं कि जिले में गिद्धों का अनुकूलन और संरक्षण बहुत ही सही दिशा में आगे बढ़ रहा है. प्रदेश में सामान्य तौर पर गिद्धों की 7 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें तीन प्रवासी और चार स्थानीय प्रजातियां शामिल हैं. फरवरी की गणना के दौरान पांच प्रजातियां दर्ज की गई थीं, जिनमें इजिप्शियन वल्चर, व्हाइट रम्प्ड वल्चर, किंग वल्चर और लॉन्ग-बिल्ड वल्चर के साथ-साथ सिनेरियस वल्चर नाम की प्रवासी प्रजाति भी शामिल थी. वहीं मई में हुई गणना के दौरान चारों स्थानीय प्रजातियां बहुत बड़ी संख्या में देखी गईं. इस बार आंकड़ों की सटीकता के पीछे वन विभाग का विशेष वैज्ञानिक प्रशिक्षण रहा है. डीएफओ मयंक चांदीवाल ने बताया कि गणना शुरू होने से पहले वन्यजीव कार्यकर्ता दिलशेर खान के सहयोग से अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी. इस विशेष ट्रेनिंग में वन रक्षक, फॉरेस्ट गार्ड, डिप्टी रेंजर, रेंज ऑफिसर और एसडीओ कार्यालय के अधिकारियों को गिद्धों की सही पहचान, उनकी गणना के वैज्ञानिक तरीके और आम तौर पर होने वाली गलतियों के बारे में विस्तार से समझाया गया था. इसी जमीनी तैयारी का असर रहा कि इस बार गिद्धों की गणना पहले से ज्यादा सटीक और व्यापक तरीके से पूरी हो सकी.

जिले के गिद्ध ने तय किया हजारों किलोमीटर का सफर

जिले गिद्ध संरक्षण के मामले में पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोर चुका है .कुछ समय पहले यहां खेत में घायल मिले एक यूरेशियन गिद्ध का रेस्क्यू कर भोपाल में इलाज कराया गया था .बाद में उस पर जीपीएस ट्रैकर लगाया गया, जिसके जरिए उसकी करीब दो हजार तीन सौ किलोमीटर लंबी उड़ान दर्ज की गई थी. यह गिद्ध भारत से उड़कर कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान तक पहुंचा था, जिसने वैश्विक स्तर पर मध्य प्रदेश के संरक्षण कार्यों को बड़ी पहचान दिलाई थी

रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

ROHA HOUSING FINANCE — GROW WITH YOUR OWN HOME

कॉर्पोरेट कार्यालयः यूनिट संख्या 1117 और 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टावर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201301।

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत उधारकर्ता को सूचना।

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (आरएचएफपीएल) से ऋण लेने वाले निम्नलिखित उधारकर्ता आरएचएफपीएल को अपने ऋण की समान मासिक किश्तों (ईएमआई) का भुगतान करने में विफल रहे हैं और उनके ऋण खाते को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उधारकर्ता(कों) ने आरएचएफपीएल को अचल संपत्ति/संपत्तियों की सुरक्षा प्रदान की है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है। ऋण का विवरण और उधारकर्ता/कों द्वारा आरएचएफपीएल को आज तक बकाया और देय राशि भी नीचे दी गई है। उधारकर्ता(कों) के साथ-साथ आम जनता को भी सूचित किया जाता है कि आरएचएफपीएल के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम) के प्रावधानों के तहत निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यदि निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) इस सूचना के 60 (साठ) दिनों के भीतर अपने नामों के सामने इंगित बकाया राशि चुकाने में विफल रहते हैं, तो अधोहस्ताक्षरी SARFAESI अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत सुरक्षित लेनदार को प्रदत्त किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग करेंगे आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे नीचे वर्णित संपत्ति/संपत्तियों से लेन-देन न करें।

स. क्र.	उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/ऋण खाता संख्या/शाखा का नाम	मांग सूचना की तिथि और राशि	सुरक्षित संपत्ति(यों) (अचल संपत्ति/संपत्तियों) का विवरण
1	LAN: LAREWALPRS000005019242 / शाखाः रीवा 1. रामकरनसाहू, 2. संगीता साहू दोनों पता 1: मकान नं.303 वार्ड नं.11 चुरहट कोल्हुडीह, सीधी तहसील चुरहट, म.प्र.-486771, भारत, सीधी, म.प्र.-486771, भारत) पता 2: खसरा नंबर के भाग पर स्थित मकान। 578/1/2 और 578/1/1, ग्राम में कोल्हुडीह, पीएच नं. 41, आर.एन.एम. पटपारा, तहसील-चुरहट, जिला-सीधी, मध्यप्रदेश-486001, भारत।	16-06-2026 और रू. 13,98,227/- 15.06.2026 तक	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसका विवरण इस प्रकार है: संपत्ति का पताः खसरा नंबर 578/1/2 और 578/1/1 के हिस्से पर बना घर, ग्राम कोल्हुडिह, पीएच नं. 41, R.N.M. पटपारा, तहसील-चुरहट, ज़िला -सीधी, मध्य प्रदेश 486001, भारत।

दिनांक - 03.07.2026
स्थान - सतना

प्राधिकृत अधिकारी,
रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99